एक नजर में

कथावाचक प्रदीप मिश्रा और साध्वी रंजना शामिल होंगी हिन्दू सम्मेलन में

छापीहेड़ा 22 दिसम्बर, सं. 31 दिसम्बर को कृषि उपज मंडी परिसर पर विशाल धर्मसभा आयोजित होगी जिसमें धर्म गुरु सीहोर कुबरेश्वर धाम के शिवमहापुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के साथ साध्वी रंजना दीदी एव हेमन्त जी मुक्तिबोध क्षेत्र सह कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक विशाल धर्म सभा को सम्बोधित करेंगे. इसके पूर्व 31 दिसम्बर को नगर के तंवर मोहल्ले से प्रात: 9 बजे शोभायात्रा नगर के विभिन्न मोहल्लों से होकर मंडी प्रांगण पहुंचेगी. इस दिन मंडी परिसर में क्षेत्र से हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी लोग धर्म गुरुओं का आशीष वचन का लाभ लेकर महाप्रशादी ग्रहण करेंगे जिसकी व्यापक तैयारियां शुरू हो गई है.

भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा आज से

नवभारत न्यूज, छापीहेडा 22 दिसम्बर, सं. नगर के जीरापुर रोड स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में आज पंडित श्री प्रेम नारायण जी गेहूं खेड़ी वाले के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा शुरू होगी. कथा को लेकर भव्य कलश यात्रा नगर के कांकरिया रोड बालाजी मंदिर परिसर से शुरू होगी जो बस स्टैंड, तालाब परिसर ,पाटीदार मोहल्ला ,रामपुरिया बालाजी मंदिर से होते हुए कथा स्थल पर पहुंचेगी. इस कलश यात्रा में भगवान राम दरबार और राधा कृष्ण की चली झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेगी. कलश यात्रा में 575 कलश लेकर महिलाएं और बच्चे हैं इस कलश यात्रा में शामिल होंगी. इससे पूर्व कथा संयोजक बालचंद जी दांगी ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा को लेकर रविवार की शाम तक सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई थीं.

हिन्दू सम्मेलन के चलते निकल रही प्रभात फेरी

छापीहेड़ा 22 दिसम्बर, सं. अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में श्रीरामलला की प्राणप्रतिष्ठा की वर्षगांठ एव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर में समस्त समाज का हिन्दू सम्मेलन का आयोजिन किया जा रहा है जिसमे 21 दिसम्बर से 31 दिसंबर तक चलने वाले धार्मिक सामाजिक उत्सव की शुरुआत रविवार प्रात: 5 बजे प्रभातफेरी के साथ शुरू हुई. रविवार को प्रात: 5 बजे नगर के महिला पुरुष धाकड़ मोहल्ला श्री कृष्ण मंदिर पर एकत्रित हुए जहां से प्रभातफेरी की शुरुआत हुई. प्रभात फेरी में महिला पुरुष भजन मंडलियों के साथ नाचते झूमते गाते चल रहे थे. त्रिपोलिया बाजार बाजार चोक बस स्टैंड तालाब मोहल्ला मोहन दरवाजा तंवर मोहल्ला कुशवाहा मोहल्ला होकर प्रभात फेरी पुन: धाकड़ मोहल्ला पहुँची. रविवार से प्रतिदिन 31 दिसम्बर तक यही से प्रभात फेरी नगर के विभिन्न मोहल्लों से निकलेगी. आज की प्रभात फेरी में 500 महिला पुरुष शामिल हुए. आज से नगर में विभिन्न धार्मिक सामाजिक आयोजन की भी शुरुआत हो गई. नगर के विभिन्न मोहल्लों मन्दिरो में विभिन्न आयोजन प्रतिदिन होंगे. आयोजनों का यह सिलसिला 31 दिसम्बर हिन्दू सम्मेलन की समाप्ति पर समाप्त होगा.

पाइप लाइन फूटी, सिंचाई को तरसे किसान

करोड़ों की परियोजना में अधिकारियों के दावे फेल :सारंगपुर क्षेत्र में पानी नहीं मिलने से परेशान हो रहे हैं किसान

सारंगपुर, भ्याना और नारायणिया गांव में समस्या से जूझ रहे किसान

नवभारत न्यूज

सारंगपुर/ब्यावरा 22 दिसम्बर, सं. मोहनपुरा परियोजना की प्रेशराइज्ड पाइपलाइन आने से फसलों में सिंचाई होकर पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता होगी किंतु सारंगपुर क्षेत्र में भ्याना सहित अन्य स्थानों पर पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने से फसलों में सिंचाई नहीं हो पा रही है. सिंचाई के लिए किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. सिंचाई के अभाव में फसले सूखने के कगार पर है. पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है.

क्षेत्र के किसानों के सामने इन दिनों गहरा संकट खड़ा हो गया है. भ्याना गांव में सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से गेहूं की फसलें सूखने लगी हैं, जिससे किसान काफी परेशान है. किसानों का आरोप है कि प्रशासन और संबंधित अधिकारी समस्या को गंभीरता से लेने के बजाय एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर टालमटोल कर रहे हैं.

बोवनी के समय से ही फूटी है पाइप लाइन

भ्याना गांव में गेहूं की बोवनी के बाद से ही मोहनपुरा परियोजना की प्रेशराइज्ड पाइपलाइन फूटी हुई है, पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है. समय पर सिंचाई नहीं होने से फसलें सूखने लगी हैं और किसानों को भारी नुकसान का अंदेशा सता रहा है. यह स्थिति दिनों दिन भयावह होती जा रही है.

जिम्मेदारों की अनदेखी से परेशान हो रहे

उक्त समस्या से जिम्मेदारों को कई बार अवगत कराने के बाद भी समस्या जस की तस रहने से किसान काफी परेशान है. फसल सूखने की चिंता में किसान मानसिक रुप से बहुत परेशान है. फसल खराब होने का डर सता रहा है. मामले को लेकर ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग के एसडीओ सिसोदिया से भी संपर्क किया.

समस्या दूर करने की बजाय आंदोलन की सलाह दी

ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते पानी की व्यवस्था नहीं हुई तो फसल को काफी नुकसान हो सकता है. जब उनके द्वारा एक जिम्मेदार अधिकारी से समाधान की बात कही तो उलटे उन्होंने सड? पर बैठकर आंदोलन करने की सलाह दे दी. इस संबंध में मोहनपुरा-कुंडालिया परियोजना के प्रशासक विकास राजोरिया का कहना है कि नहर के पानी को लेकर दो गांवों के बीच आपसी विवाद के चलते अज्ञात लोगों ने पाइपलाइन तोड़ दी है. इसी वजह से पानी की आपूर्ति बाधित हुई है. उन्होंने कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था जल्द कराई जा रही है.

प्रदेश ने विकास की नई ऊंचाइयां छुई -पंवार

विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में मंत्री पंवार सहित भाजपा नेता हुए शामिल

नवभारत न्यूज

सुठालिया 22 दिसंबर,सं. विधानसभा का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन मऊ में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री नारायण सिंह पंवार, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, जिला संयोजक निर्मल जैन सहित सम्मेलन में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

इस अवसर पर श्री पंवार ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है. कांग्रेस शासन में मप्र बीमारू राज्य की श्रेणी में चला गया था लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास की नई ऊँचाइयां छुई हैं. आज प्रदेश की गिनती देश के अग्रणी और विकासशील राज्यों में होती है.

उन्होंने क्षेत्र की अनेक विकास योजनाओं से अवगत कराते हुए बताया कि भाजपा सरकार ने विकास की नई इबारत लिखी है. सरकार की नीतियां अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बनाई जा रही हैं.

कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर,जिला संयोजक निर्मल जैन, जिला महामंत्री ममता इंदौरिया, जिला उपाध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, अशोक अग्रवाल, नारायण सिंह सलरीयाखेड़ी, मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चौहान, राजू यादव, कल्याण गुर्जर, बलवान सिंह, जसवंत गुर्जर, अमित शर्मा, जगदीश पंवार, मानसिंह टोंका, गिरराज लोधी नपाध्यक्ष ब्यावरा प्रति. पवन कुशवाह, आरएन दांगी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे.



कांग्रेस के शासन में दस सालों में क्षेत्र का विकास नहीं हुआ

खिलचीपुर विधायक दांगी ने लगाए आरोप

नवभारत न्यूज

जीरापुर 22 दिसम्बर, सं. नगर के डग रोड़ बालाजी मंदिर परिसर में अटल स्मृति पर्व के उपलक्ष्य में विकास एवं सेवा भाजपा का विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ. विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि राघोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह विधानसभा में बोल रहे थे कि राघोगढ़ में विकास कार्य नहीं हो रहें में भी इस वाकिया को सुन रहा था तो पुर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने दस वर्ष तक क्या किया जब क्षेत्र में विकास कार्य नहीं तो पुरे प्रदेश में विकास कहा से होगा विधायक दांगी ने टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने कांग्रेस को यहां से लेकर राष्ट्र तक समाप्त कर दिया.भाजपा जो कहती हैं वह करतीं हैं लाड़ली बहना कि राशि पन्द्रह सो की ओर तीन हजार तक करेगी. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव सरकार के दो वर्ष पूर्ण पर कहा कि भाजपा ने हर प्रांत में संगठित होकर काम किया.खाद के लिए कांग्रेसी धरना दें रहे थे जबकि यूरिया खाद भरपूर मात्रा में उपलब्ध है इतना ही नहीं राजगढ़ जिले में भी सबसे ज्यादा खिलचीपुर क्षेत्र में खाद आया है जिसके लिए मैंने मांग कर बताया था. मंच पर पूर्व विधायक पुरसिंह पवांर , एसआईआर जिला प्रभारी गजेन्द्रसिंह सिकरवार , पूर्व मंडी अध्यक्ष कमलसिंह पवांर , जिला महामंत्री देवीसिंह सोंधिया , भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश पुरोहित, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पूर्व नपा अध्यक्ष बलराम टांक , मंडल महामंत्री रमेशचंद शर्मा, विष्णुसिंह पवांर, डॉ. राम किरार, भगवान सिंह तोमर, हनुमान पाटीदार, ईश्वर सिंह तोमर, अर्जुनसिंह पवांर, मुकेश राठौर, श्री राम दांगी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

संत जोसेफ कॉन्वेंट में अंतर धर्म स्नेह मिलन समारोह आज

धर्मगुरुओं का होगा सम्मान

नवभारत न्यूज, नरसिंहगढ़ 22 दिसम्बर, सं. नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में अंतर धर्म स्नेह मिलन समारोह का आयोजन आज किया जाए. स्कूल प्रबंधन ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि क्रिसमस पर्व के अवसर पर आज 23 दिसम्बर मंगलवार को शाम 6 बजकर 45 मिनट पर अंतर धर्म स्नेह मिलन समारोह में धर्म गुरुओं का सम्मान किया जाएगा. वहीं इसके बाद शाम 8 बजे से प्रीतिभोज का आयोजन रखा गया है. आयोजन में शामिल होने की विद्यालय प्रबंधन द्वारा अपील की गई है. वहीं क्रिसमस पर्व की सभी को अग्रिम शुभकामनाएं स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रेषित की गई है.

गणितज्ञ रामानुजन के किस्सों से किया विद्यार्थियों को प्रेरित

नवभारत न्यूज

सुठालिया 22 दिसम्बर, सं. शासकीय महाविद्यालय सुठालिया में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायी एवं शैक्षणिक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह दिवस महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 22 दिसंबर को मनाया जाता है. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ प्रदीप कुमार ने कहा कि गणित केवल संख्याओं और सूत्रों का विषय नहीं है, बल्कि यह तर्क, विवेक और विश्लेषणात्मक सोच को विकसित करने का सशक्त माध्यम है.मुख्य वक्ता डॉ संतोष साहू ने अपने संबोधन में कहा कि आज के डिजिटल और तकनीकी युग में गणित की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है.

विज्ञान, तकनीक, अर्थव्यवस्था, अंतरिक्ष अनुसंधान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में गणित की अनिवार्य उपयोगिता है. उन्होंने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन और योगदान को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया. विशिष्ट वक्ता के तौर पर डॉ आनंद स्वरूप लहरिया ने कहा कि गणित जीवन की प्रत्येक गतिविधि से जुड़ा हुआ विषय है, जो विद्यार्थियों में तार्किक सोच, अनुशासन और समस्या-समाधान की क्षमता विकसित करता है. इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य व्ही एस बैस ने की तथा श्री संतोष पाठक, श्री शमशाद बेग, डॉ खालिद अल्ताफ़ शेख, डॉ दीपा चौरसिया, श्रीमती निर्मला गहलोत, राजकुमार, उमेश सेन, अनिरुद्ध सिंह, पूजा यादव सहित छात्र छात्राएं आदि मौजूद रहे.

मानव श्रृंखला बनाकर विदेशी वस्तुओं की होली जलाई

नवभारत न्यूज

छापीहेड़ा 22 दिसम्बर, सं. नगर में चल रहे सकल हिंदू समाज के तत्वधान में 10 दिवसीय हिंदू सम्मेलन एवं राम लला प्राण प्रतिष्ठा तिथि महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 22 दिसंबर 2025 को नगर के सभी शासकीय एवं अशासकिय विद्यालयों ने पंच परिवर्तन एवं स्वदेशी जागरण विषय को लेकर एक विशाल मानव श्रृंखला जो कि नगर के एक छोर रनारा जोड़ चोराहे से लेकर दूसरे छोर मंडी गेट तक विशाल रूप में बनाई गई. इसमें नगर के सरस्वती शिशु मंदिर, कृष्णावेली इंटरनेशनल स्कूल, रविंद्र कॉन्वेंट स्कूल, जय हिंद कॉन्वेंट स्कूल, कन्या माध्यमिक विद्यालय,शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्रखर कॉन्वेंट स्कूल के अलावा

अन्य स्कूलों के छात्र छात्राओं ने भाग लेकर हाथों में तख्तियों के माध्यम से संदेश दिया गया कि, हमें नागरिक शिष्टाचार का पालन करना एवं स्व के भाव से स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना. पर्यावरण बचाना, अधिक से अधिक वृक्ष लगाना परिवार में सहज भाव से रहना एवं समरसता के साथ समाज में होने वाली कुरीतियों को मिटाना है.

इसमें समाज के सभी प्रबुद्धजन एवं सकल हिंदू समाज के द्वारा पंच परिवर्तन के शिष्टाचारो को आत्मसात करने का आह्वान किया गया. इसी के साथ श्री सिद्ध बालाजी सेवा समिति द्वारा विदेशी वस्तुओं की होली जलाकर स्वदेशी सामग्री का उपयोग करने के लिए संकल्प लिया गया.

सारंगपुर में 18 जनवरी को विशाल हिन्दू सम्मेलन

सारंगपुर 22 दिसम्बर, सं. नगर में आगामी 18 जनवरी को आयोजित होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं. इसी क्रम में रविवार को नगर स्थित संघ कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में सकल हिन्दू समाज के वरिष्ठजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आयोजन से जुड़े प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे. बैठक के दौरान सम्मेलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई. कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग दायित्व तय किए गए. मंच व्यवस्था, अनुशासन व्यवस्था, स्वच्छता, यातायात, अतिथियों के स्वागत, जलपान, सुरक्षा एवं प्रचार-प्रसार जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन मंथन किया गया. साथ ही अधिक से अधिक संख्या में संपर्क एवं जनजागरण अभियान पर भी चर्चा हुई.

व्यवस्था नपा अमले ने ब्यावरा में पुराना ए.बी.रोड आदि जगह लगे हाथ ठेले, फुटपाथ की दुकानों को हटाया

व्यवस्था बनाने एक बार फिर से मशक्कत में जुटा नपा का अमला

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 22 दिसम्बर, का. नगर पालिका परिषद द्वारा एक बार फिर नगर की बाजार बैठक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की पहल शुरु की. नपा का अमला व्यवस्था बनाने सडक पर निकला तथा हाथ ठेले, फुटपाथ की दुकानों को हटाया गया. एनाउंस कराकर मुख्य मार्ग एवं चौराहों पर हाथ ठेले, दुकाने न लगाने की हिदायत दी गई.

सोमवार को नगर पालिका परिषद द्वारा एनाउंस कराकर कहा गया कि पुराना ए.बी.रोड, राजगढ़ रोड, पीपल चौराहा व अन्य चौराहों पर हाथ ठेले, फुटपाथ पर अन्य दुकानें न लगाए, इससे यातायात बाधित होकर बाजार बैठक व्यवस्था बिगड़ रही है. पंचमुखी

मैदान एवं राजगढ़ रोड स्थित सब्जी मंडी परिसर में हाथ ठेले, दुकान लगाने को कहा गया है. साथ ही अमले ने गुड़ चौराहा, पीपल चौराहा, श्री बालाजी मंदिर के सामने, राजगढ़ रोड आदि जगह पर सड? पर बेतरतीब लगे ठेले, रोड पर लग रही दुकानों को हटान की कार्यवाही की.

कार्यवाही के कुछ देर बार फिर वही हालात

प्राय: देखने में आता है कि नपा के द्वारा सड? पर लगने वाले हाथ ठेले, फुटपाथ की दुकानों को हटाने की कार्यवाही की जाती है किंतु कुछ ही घंटे बाद ही ये ठेले, दुकानें वापस लग जाती है. नपा की कार्यवाही मात्र औपचारिकता भर रह जाती है.

स्थाई रुप से सुदृढ़ नहीं हो सकी व्यवस्था- नपा प्रशासन द्वारा समय-समय पर बाजार बैठक व्यवस्था बनाने कार्यवाही की जाती है लेकिन यह व्यवस्था स्थाई रुप से सुदृढ़ नहीं हो सकी. इसकी बराबर मॉनिटरिंग नहीं होने से कुछ देर सड? पर ठेले व दुकानें नजर नहीं आते परन्तु अमले के हटते ही वहीं बिगड़े हालात नजर आने लगते है.

दुकानों के आगे रखा सामान भी बड़ा कारण- मैन मार्केट, पुराना ए.बी.रोड, राजगढ़ रोड आदि स्थानों पर दुकानों के आगे कई फीट तक रखा रहने वाला सामान बाजार एवं यातायात व्यवस्था के बिगड़े हालातों के पीछे एक बड़ा कारण देखा जाता है.

रोड क्रॉस करने की भी नहीं रहती जगह- पुराना ए.बी.रोड पर श्री बालाजी मंदिर के सामने, गुड वाला चौराहा आदि जगह पर रोड के मध्य हाथ ठेले, दुकानें लगने से रोड क्रॉस करने तक की जगह राहगीरों को नहीं मिल पाती है, काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. शाम होते ही समूचा रोड बेतरतीब खड़े ठेले, दुकानों से घिर जाता है. पुराना ए.बी.रोड पर श्री बालाजी मंदिर के समीप से एवं राजगढ़ रोड पर सब्जी मंडी के सामने से भंवरगंज में जाने का मार्ग जाता है किंतु दोनों ही मार्ग पर ठेले, दुकानें लगने से बहुत ही कम जगह बचती है, दुपहिया वाहन, ऑटो तक निकलना मुश्किल होता है. आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना राहगीरों को करना पड़ता है, आये दिन विवाद की स्थिति भी बनती है.

जीरापुर कॉलेज में कांक्रीट और टीनशेड का भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

जीरापुर 22 दिसम्बर, सं. स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में विधायक हजारीलाल दांगी ने विभिन्न निर्माण कार्यों का भुमि पूजन किया. महाविद्यालय परिसर में विभिन्न नवनिर्माण कार्य होना है इसको लेकर भुमि पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें विधायक हजारीलाल दांगी ने टीन शेड, बाउंड्री वॉल, आरसीसी रोड , पैरापेट वाल आदि का भूमि पूजन किया. भूमि पूजन में महाविद्यालय प्राचार्य पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, क्रीड़ा अधिकारी राजेंद्र कुमार शर्मा, शंकरलाल दांगी, पंडित अनुपम आचार्य, प्रो ओम प्रकाश गुप्ता, डॉ सचिन शर्मा , बंसीलाल जाटव, शिवनारायण वर्मा, कपिल वैष्णव, दिनेश कुमार दांगी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे. विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि इस महाविद्यालय की शुरुआत जन भागीदारी से निर्माण भवन करके अब विशाल भवन एवं सर्व सुविधा विद्यार्थियों के लिए है जिसमें लगभग 3000 से अधिक विद्यार्थी अध्ययन रत है.